स्नातक निर्वाचन में सरकारी सेवकों की भागीदारी करें सुनिश्चित

पटना. मुख्य सचिव दीपक कुमार ने स्नातक निर्वाचन में सरकारी सेवकों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है. उन्होंने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, प्रमंडलीय आयुक्त व जिलाधिकारियों को लिखा है कि पहली नवंबर, 2019 के आधार पर बिहार विधान परिषद के स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची तैयार की जा रही है. विधान परिषद की रिक्त पटना, तिरहुत, दरभंगा और कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची नये सिरे से तैयार की जा रही है. इसके लिए 23 नवंबर से नौ दिसंबर तक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक योग्यताधारी कर्मी फार्म 18 के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं.